हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार 15 मई 2026

13 मांगों को लेकर मिड-डे मील कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



14 हरियाणा बोर्ड की दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



## खबर संक्षेप

### ओलावृष्टि के अगले ही दिन बढ़ा दो डिग्री पारा

**बहादुरगढ़।** इलाके में गर्मी तेजी से बढ़ रही है। बुधवार रात हुई ओलावृष्टि का भी कोई खास असर तापमान पर नहीं पड़ा। अगले ही दिन वीरवार को तेज धूप के चलते गर्मी बढ़ी और अधिकतम तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया। दरअसल, मई माह में मौसम बार-बार बदल रहा है। शुरुआती सप्ताह में बरसात के चलते तापमान कम रहा था, लेकिन दूसरे सप्ताह ही गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। हालांकि बीते दो-तीन दिनों में भी बूंदाबांदी और तेज बरसात के साथ ओलावृष्टि तक हो चुकी है। बुधवार रात को ओलावृष्टि के कुछ देर तक तो मौसम सुहाना हुआ लेकिन अगली ही सुबह तेज धूप के साथ तापमान बढ़ने लगा। आगामी दिनों में तापमान और उपर जाएगा। गर्मी के चलते दोपहर के वक्त सड़कों पर चहल पहल कम हो गई है।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण व बिजली अदालत आज

**झज्जर।** बिजली निगम डिवीजन बेरी के उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए शुक्रवार को बिजली अदालत और उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम बेरी कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल, कनेक्शन, लोड संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा और उनका मौके पर ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोई उपभोक्ता फैंसले से संतुष्ट नहीं है तो वह अपनी शिकायत अध्यक्ष अभियंता झज्जर के समक्ष रख सकता है।

### अवैध हथियार सहित आरोपी युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी रोहद बाईपास के निकट से पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास देशी पिस्तौल व 1 कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान दीपक के रूप में हुई है। वह रोहतक का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ आसौदा थाने में केस दर्ज किया गया है। अदालत में पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## 14वें दिन स्थगित हुई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल, लेकिन बार-बार काम छोड़ने पर उठ रहे सवाल

# तीन साल से 4300 सफाई कर्मियों की भर्ती और 13 हजार को नियमित होने का इंतजार

रवींद्र राठी ▸▸ बहादुरगढ़

तीन साल पहले हरियाणा सरकार द्वारा करीब 13 हजार सफाई कर्मचारियों को नियमित करने की प्रक्रिया शुरू की थी। साथ ही प्रदेश के 88 निकायों में लगभग 43 सौ नए सफाई कर्मियों की भर्ती की योजना भी बनाई गई थी। लेकिन इस नियमितीकरण और भर्तियों में आनाकानी करते हुए सरकार की ठेका प्रथा पर मेहरबानी बनी हुई है।

दरअसल, करीब 3 साल पहले तत्कालीन मनोहर सरकार ने निर्णय लिया था कि प्रदेश की 11 नगर निगमों में 2214, 23 नगर परिषदों में 1261 और 54 नगर पालिकाओं में 823 सफाईकर्मी भर्ती किए जाएंगे। इस तरह हरियाणा में कुल 88 नगर निकायों में 4298 नए सफाईकर्मियों की भर्तियां होनी थी।

इनके अलावा नगर निगमों में 8263, नगर परिषदों में 3044 सफाईकर्मी और नगर पालिकाओं में 1526 अनुबंध पर आधारित सफाईकर्मियों को नियमित किया जाना था। इस तरह प्रदेश के करीब 13 हजार अस्थाई सफाईकर्मियों को ठेका प्रथा से निजात मिल जाती।

नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश शास्त्री का आरोप है कि सरकार स्थायी नियुक्तियों की बजाय ठेकेदारी प्रथा को लगातार बढ़ावा दे रही है। यही कारण है कि हरियाणा के सफाईकर्मी बार-बार हड़ताल पर जा रहे हैं और पूरा प्रदेश कूड़े के ढेर में तब्दील हो रहा है। अब हाल ही में हुई सफाई कर्मियों की हड़ताल वीरवार को 14 दिन अब जाकर स्थगित हुई है। अब फिर मांगें पूरी होने का आश्वासन मिला है।

मनोहर सरकार ने आउटसोर्सिंग/रोल के तहत अनुबंध पर कार्यरत सभी सफाईकर्मियों को इन नियुक्तियों में समाहित करने का भी निर्णय लिया था। वर्तमान सफाईकर्मियों के पद आरक्षित रखे जाने थे। न्यूनतम 10 वर्ष के कार्य अनुभव वाले कर्मचारियों को 55 वर्ष तक की आयु तक छूट देना तय हुआ था। इसे लेकर सरकार द्वारा कमेटियों का भी गठन किया था।

बहादुरगढ़ नगर परिषद की बात करें तो यहां 505 स्वीकृत पद हैं। स्थाई कार्यरत 23 कर्मचारी थे, जबकि 206 अनुबंधित कर्मी सफाई में कार्यरत हैं। इस तरह 276 रिक्त पदों पर भर्ती होनी है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि यदि नियमितीकरण और लंबित भर्तियों की प्रक्रिया समय पर पूरी की जाती तो सफाई व्यवस्था अधिक मजबूत होती और बार-बार उत्पन्न होने वाले संकट से बचा जा सकता था। लगातार हड़तालों के चलते कई शहरों में सफाई व्यवस्था चरमरा रही है। इस प्रतिकूल प्रभाव के बावजूद सरकार की निजी एजेंसियों के प्रति नरम नीति कई सवाल खड़े कर रही है। वह भी तब जब अधिकांश शहरों में सफाई ठेकों में भ्रष्टाचार की खबरें आम हैं। अब देखना यह होगा कि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर क्या ठोस कदम उठाती है।

**सफाईकर्मियों की भर्ती पर आनाकानी, ठेका प्रथा पर मेहरबानी**




**बहादुरगढ़।** शहर के झज्जर रोड पर सब्जी मंडी के बाहर पड़ा कूड़े का ढेर।

**11 नगर निगम**
- 12903 सफाई कर्मियों के पद स्वीकृत।
- 3027 नियमित व 8263 आउटसोर्सिंग के तहत कार्यरत।
- 2214 रिक्त पदों पर भर्तियां होनी थी।

**23 नगर परिषद**
- 5607 सफाईकर्मियों के पद स्वीकृत।
- 1128 नियमित और 3044 अनुबंध व आउटसोर्सिंग पर तैनात हैं।
- 1261 रिक्त पदों पर भर्तियां होनी हैं।




**झज्जर।** कूड़ा निस्तारण के लिए लगाई गई आग।


### देर शाम सफाई कर्मियों ने किया हड़ताल स्थगित करने का ऐलान, कूड़ा उठना शुरू

- शहर में कई जगह कूड़े के ढेरों में लगी आग, सांस लेना भी हुआ मुश्किल, अब राहत की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

नगर परिषद के सफाई कर्मचारी लगातार 14वें दिन भी हड़ताल पर रहे। कर्मचारी दिनभर नगर परिषद परिसर में धरने पर डटे रहे और सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी भी की। हड़ताली सफाई कर्मचारियों का मिड डे मील वर्कर यूनियन ने समर्थन करते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। हालांकि सायं होने पर राज्यकारिणी के आह्वान पर हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी। जिसके कारण आमजन ने राहत की सांस ली है। यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चावरियां ने कहा कि अगर सरकार निर्धारित किए गए समय में उनकी मांगें पूरी नहीं करती है तो आंदोलन तेज किया जाएगा। उधर, देर सांय शहर के कई क्षेत्रों से कूड़ा उठाने का कार्य शुरू कर दिया गया। अब उम्मीद है कि शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर जल्द ही उठ जाएंगे। वहीं, कई जगह बाजारों में लगे कूड़े के ढेरों को आग के हवाले किया गया है। जिसके कारण हवा जहरीली हो रही है और सांस लेने में भी परेशानी होती है। अब इन हालातों से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है।

### सवारियां उतारते समय बस को ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर



**झज्जर।** गांव कबलाना में एक निजी बस को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में दो से तीन सवारियों को मामूली चोटें आई। हादसा उस समय हुआ जब बहादुरगढ़ से आ रही बस कबलाना स्टैंड पर सवारियों को उतार रही थी। उसी दौरान एक ट्रक ने पीछे से बस को टक्कर मार दी। ट्रक की स्पीड कम होने तथा बस खड़ी होने के कारण अचानक लगी टक्कर से दो-तीन सवारियां झटके के साथ आगे की सीटों से जा टकराईं। उधर, कुछ ऐसी ही दुर्घटना झाड़ली क्षेत्र में भी हुई। जब सीमेंट से भरा ट्राला सामने से तेज गति से आ रहे एक अन्य ट्राले को बचाने के चक्कर में अपना संतुलन खो बैठा। सीमेंट से भरा ट्राला पेड़ से जा टकराया।

**हरियाणा बोर्ड के 10वीं के नतीजे**

### 496/500 कशिश ने 99.2% अंक लेकर पाया पहला स्थान

- कशिश ने प्रतिदिन आठ से दस घंटे की पढ़ाई, अब वैज्ञानिक बनने का है सपना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर



हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 10वीं के नतीजों में ग्रामीण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छारा की मेधावी छात्रा कशिश सुपुत्री सोमवीर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कशिश ने 500 में से 496 अंक यानि 99.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। साथ ही विज्ञान एवं कंप्यूटर विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। कशिश का कहना है कि उसका लक्ष्य वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दिनों में उसने प्रतिदिन आठ से दस घंटे तक निरंतर पढ़ाई की।

छात्रा कशिश ने सफलता का श्रेय माता-पिता और अध्यापकों को दिया। इसके अलावा विद्यालय की छात्रा कनक ने 478, छात्रा अंशु ने 476 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं स्कूल के कुल 40 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 30 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय की सफलता में योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय संचालिका इंदिरा, संचालक सतेंद्र दलाल, प्राचार्या वंदना ने होनहार विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## सीसीटीवी फुटेज से पहचाने गए बच्ची से दरिंदगी करने वाले दोनों आरोपी

- पुलिस ने एनकाउंटर में जवाबी फायरिंग कर आरोपियों को किया था गिरफ्तार
- पीजीआई में उपचाराधीन है आरोपी, डिस्चार्ज के बाद हिरासत में लेकर होगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर में 9 वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के मामले ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। बच्ची की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। वहीं बच्ची के साथ दरिंदगी करने वालों पर पुलिस द्वारा की गई एनकाउंटर कार्रवाई का लोगों ने भी स्वागत किया है।

आरोपियों को कठोर से कठोर दंड देने की मांग उठाई जा रही है। वीरवार को डीसीपी बहादुरगढ़ मयंक मिश्रा ने मामले में पत्रकारवार्ता की। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं। मोहित पर विभिन्न वारदातों के 14 तो दीपक पर 2 केस दर्ज हैं। दरअसल, वारदात के बाद से ही आरोपियों की तलाश में कई टीमें लगी हुई थी। इस दौरान काफी कैमरे खंगाले गए। सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार दो युवक, पीड़िता के मकान की तरफ आते और जाते दिखाई दिए। इसके बाद उनकी तलाश शुरू की।

**आरोपियों से पिस्तौल किया बरामद**



जानकारी देते डीसीपी मयंक मिश्रा।

बुधवार रात को एवीटी टीम को भनक लगी कि आरोपी केएलजे की ओर जा रहे रोड पर हैं। टीम पकड़ने गई तो आरोपियों ने सरेंडर करने के बजाय गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई में एक के पांव में गोली लगी और दोनों काबू किए गए। उनके पास से देशी पिस्तौल बरामद हुआ है। फिलहाल आरोपी पीजीआई में उपचारधीन हैं। डिस्चार्ज होते ही उन्हें हिरासत में लिया जाएगा। पूछताछ में आरोपियों से वारदात के बारे में गहनता से पूछताछ की जाएगी। प्रारंभिक तौर पर मामले में दो ही आरोपियों की भूमिका की बात सामने आई है। पूछताछ में आरोपियों से कई अन्य वारदातों के खुलासों की भी संभावना है। डीसीपी मयंक मिश्रा ने कहा कि पीड़िता बच्ची अभी उपचाराधीन है। पुलिस विभाग और हरियाणा सरकार पूरी तरह से बच्ची के साथ है। उधर, शहर के लोगों का कहना है कि आरोपियों ने बेहद जघन्य वारदात की है। ऐसे अपराधियों का एनकाउंटर होना ही चाहिए। उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। इसके अलावा पुलिस महकमे को भी सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करनी चाहिए।

### डिवाइडर पर मिला युवक का शव, अज्ञात चालक पर केस दर्ज



**झज्जर।** वीरवार को झज्जर-रोहतक मार्ग पर चमनपुरा गांव के नजदीक डिवाइडर पर एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान क्षेत्र के धौड़ गांव निवासी करीब 25 वर्षीय चैन सिंह पुत्र अर्जुन सिंह के तौर पर हुई। मामले के जांच अधिकारी सुमित ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान हैं जिससे प्रतीत होता है कि उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। परिजनों के अनुसार चैन सिंह मंगलवार शाम को बाइक लेकर घर से निकला था। पुलिस ने परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने यमुना एक्शन प्लान को लेकर की बैठक

## ट्रीटमेंट प्लांट का सही संचालन करें उद्यमी



**बहादुरगढ़।** उद्यमियों से चर्चा करते पीसीबी के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा यमुना एक्शन प्लान के तहत प्रदूषण नियंत्रण और नालों की सफाई व्यवस्था को लेकर वीरवार को औद्योगिक संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में औद्योगिक इकाइयों को प्रदूषण रोकथाम के लिए सरकार और बोर्ड द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रयासों और योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी आशीष कौशिक ने उद्योग प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी औद्योगिक इकाइयों में स्थापित एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट का सुचारू संचालन, नियमित रखरखाव और प्रभावी कार्यप्रणाली सुनिश्चित की जाए। साथ ही ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम को भी पूरी तरह सक्रिय और कार्यशील रखने के निर्देश दिए गए ताकि प्रदूषण स्तर की निरंतर निगरानी हो सके। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि किसी औद्योगिक इकाई द्वारा निर्धारित मानकों की अनदेखी या नियमों का उल्लंघन पाया गया तो बोर्ड की नीति और प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने उद्योग जगत से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए सभी औद्योगिक इकाइयों की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है।



*ग्रीन बेल्ट में एकत्रित होने के बाद विरोध प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचीं वर्कर्स*

# लंबित मांगों को लेकर मिड-डे मील कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

सरकार ने जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। विरोध प्रदर्शन करते हुए मिड-डे मील वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। उप जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मिड-डे मील वर्कर्स।

मिड-डे मील वर्करों द्वारा लंबित मांगों को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन की जिला अध्यक्ष निर्मला देवी ने की। जिलेभर से बड़ी संख्या में मिड-डे मील वर्कर्स लघु सचिवालय के पास ग्रीन बेल्ट में एकत्रित हुईं। इसके बाद वे जुलूस की शक्ल में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए लघु सचिवालय पहुंची। यूनियन की प्रदेशाध्यक्ष सरोज दुजाना ने कहा कि प्रदेशभर की मिड-डे मील वर्कर्स लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं, लेकिन सरकार उनकी लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द मांगों पर कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उनकी प्रमुख मांगें सभी मिड-डे मील वर्कर्स को पूरे वर्ष के 12 महीनों का वेतन दिया जाए। रिटायरमेंट पर दो लाख रुपये तथा सभी वर्करों को पक्का कर्मचारी घोषित करने की मांग भी उठाई गई। रिटायर्ड कर्मचारी नेता राजेंद्र जुलाना, खंड अध्यक्ष रमेश जाखड़, यूनियन की जिला अध्यक्ष निर्मला देवी आदि ने कहा कि किसी भी मिड-डे मील वर्कर्स को काम से नहीं हटाया जाना चाहिए। यदि किसी स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या कम हो जाती है तो संबंधित वर्कर को पास के स्कूल में समायोजित किया जाए। प्रदर्शन उपरांत उन्होंने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंच कर उप मौलिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार व मिड-डे मील योजना संयोजक सुशील कुमार को ज्ञापन सौंपा।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस मौके पर जिला उप-प्रधान प्रेम, मातनहेल ब्लॉक प्रधान शालू, सचिव अनीता, साल्हावास ब्लॉक सचिव आशा, बादली ब्लॉक प्रधान सावित्री, बहादुरगढ़ ब्लॉक सचिव शीला, उप प्रधान बिमलेश, बेरी ब्लॉक प्रधान सुनीता, सचिव राकेश सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नए भर्ती नियमों से डिप्लोमा फार्मासिस्टों में रोष

- सरकारी नौकरी की पात्रता बहाल करने की मांग
- डिप्लोमा कोर्स का महत्व केवल मेडिकल स्टोर संचालन तक सीमित होकर रह गया

झज्जर। प्रदेश में लागू किए गए नए भर्ती नियम जीएसआर को लेकर डिप्लोमा इन फार्मेसी करने वाले युवाओं में रोष व्याप्त है। युवाओं का कहना है कि नए नियमों के अंतर्गत फार्मासिस्ट के सरकारी पदों के लिए अब बीफार्मा डिग्री को अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे डिप्लोमा धारक सरकारी नौकरियों से लगभग बाहर हो गए हैं। युवा रवि, संदीप, आदित्य, विशाल, सचिन, हेमंत, विवेक रंगा, करण डागर, प्रवीन, विक्रांत, रोहित आदि ने बताया कि इस बदलाव के कारण वर्ष 2021 के बाद डिफार्मा करने वाले अधिकांश युवा सरकारी भर्ती के योग्य नहीं रहे। उनका आरोप है कि अब डिप्लोमा कोर्स का महत्व केवल मेडिकल स्टोर संचालन तक सीमित होकर रह गया है, जबकि पहले यही कोर्स सरकारी फार्मासिस्ट भर्ती का प्रमुख आधार माना जाता था।

## न्यूज डायरी

### सेवानिवृत्त एसडीओ रणबीर सिंह बने रोहतक में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष



झज्जर। क्षेत्र के गांव उखलचना (कोट) निवासी रणबीर सिंह निम्बड़िया को रोहतक में भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बिजली विभाग से एसडीओ के पद से सेवानिवृत्त रणबीर सिंह वर्तमान में रोहतक शहर में रहते हैं और झज्जर के पूर्व विधायक स्वर्गीय कैप्टन मांगे राम के सुपुत्र है। रणबीर सिंह ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यप्रकाश जरावता तथा रोहतक भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका का आभार जताया।

### महाभारत अनुभव केंद्र का भ्रमण शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में सहायक : डीसी



झज्जर। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने कहा कि सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र स्थित ज्योतिसर के महाभारत अनुभव केंद्र के भ्रमण एवं सांस्कृतिक-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस केंद्र के भ्रमण से विशेषकर युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा। यह केंद्र विद्यार्थियों, शोधार्थियों, पर्यटकों, श्रद्धालुओं और देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने जिला के स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, युवा संगठनों और सांस्कृतिक संस्थाओं को महाभारत अनुभव केंद्र के भ्रमण के लिए प्रेरित किया है।



### एडीसी ने सुनीं समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं

झज्जर। वीरवार को आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में एडीसी जगनिवास ने लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक निपटारा सुनिश्चित किया जाए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित आठ शिकायतें दर्ज की गई। उधर, उपमंडल बेरी में एसडीएम रेणुका नांदल ने लोगों आमजन की शिकायतों को सुना और समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।



### जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकारा : डॉ. जैन

बहादुरगढ़। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने हरियाणा निकाय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का जनादेश दिया है। प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं लागू कर रही है, जिसका सीधा लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। सीएम नायब सैनी देर रात तक आम लोगों की समस्याएं सुनने के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं। यही कारण है कि जनता का विश्वास भाजपा के प्रति लगातार मजबूत हो रहा है। उनके अनुसार निकाय चुनाव परिणाम से साफ है कि कांग्रेस पूरी तरह खत्म होने की कगार पर पहुंच चुकी है। जनता ने झूठ और भ्रम की राजनीति करने वाली कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है। भाजपा के नेतृत्व में हरियाणा आने वाले समय में विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

### जिले के विद्यालयों में 15 से 30 मई तक चलेगा पॉक्सो एक्ट जागरूकता अभियान



झज्जर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिलाभर के विद्यालयों में बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) 2012 के प्रावधानों एवं इसके निहितार्थों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में पैरा लीगल स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 15 मई से लेकर 30 मई तक जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के बारे में जागरूक किया जाएगा, ताकि बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कानूनी संरक्षण की जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान के दौरान पैरा लीगल वॉलिंटियर्स चिन्हित स्कूलों में विद्यार्थियों को बाल यौन अपराधों से बचाव, शिकायत प्रक्रिया, कानूनी सहायता तथा बच्चों की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देंगे। साथ ही विद्यार्थियों को जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



## जय मॉडर्न स्कूल के 16 विद्यार्थियों ने बनाया मेरिट सूची में स्थान

झज्जर। जय मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुल्हेड़ा में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों कुल 49 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया। छात्रा सिमरन जांगड़ा ने 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रूपांशी सहवाग 450 अंकों के साथ द्वितीय व साक्षी 440 अंकों के साथ तृतीय रही। प्राचार्य रोहित शर्मा ने बताया कि इनके अलावा कशिश देशवाल, इशांत, रितिका, कार्तिक पाराशर, पूर्वा पाराशर, रिया, मोहित पाराशर, यश, राधा, अनिकेत, दीक्षा तथा नीरज ने भी बेहतरीन अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर स्कूल संचालक सुगन शर्मा ने स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## एचडी साल्हावास में होनहार विद्यार्थियों को किया सम्मानित

झज्जर। एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में वीरवार को बारहवीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्राचार्या प्रीति राठी ने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति ने स्कूल में टॉप और जिले में द्वितीय स्थान हासिल करने वाली कला संकाय की छात्रा हिना कौशिक को 11 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया। इसी प्रकार एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व हेमंत द्वारा विज्ञान संकाय की टॉपर पायल यादव व वाणिज्य संकाय की टॉपर अंशिका जाखड़ को भी 11-11 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इनके अलावा कला संकाय की छात्रा सुरैना यादव व तनवी नांदल को 51सौ-51सौ रुपये देकर सम्मानित किया गया।



## एसकेजी स्कूल के 66 विद्यार्थियों ने लिए 80 प्रतिशत से अधिक अंक

झज्जर। एसकेजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भाकली के 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रा अंशु ने 500 में से 493 अंक प्राप्त कर विद्यालय प्रथम, वर्षा व युगिता यादव ने 485 अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय, तथा हर्षित ने 482 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। 31 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 66 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। समिति प्रधान राय सिंह, संचालक श्याम सिंह व प्राचार्य पवन कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## आरपीएस की स्वाति ने 99.6, ईप्शा ने 99.2, अक्षिता ने 99 व वनिशा ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

महेंद्रगढ़। हाल ही में घोषित को सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा के घोषित नतीजों में आरपीएस संस्था की विद्यार्थी स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्शा डागा ने 99.2 प्रतिशत, अक्षिता धिमान ने 99 प्रतिशत, वनिश जैन ने 98.8 प्रतिशत, तन्नु ने 98.6 प्रतिशत, उमंग यादव ने 98.6 प्रतिशत, विशाल ने 98.4 प्रतिशत, अंकिता ने 98.4 प्रतिशत, भाविका सिंह, मीनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 प्रतिशत, निकिता यादव ने 98.2 प्रतिशत, वृति ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। आरपीएस के 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर सर्वश्रेष्ठता उदाहरण प्रस्तुत किया। आरपीएस स्कूल की स्वाति सिंह ने 99.6 प्रतिशत, ईप्सा डागा ने 99.2 प्रतिशत, अक्षिता धिमान ने 99 प्रतिशत, वनिषा जैन ने 98.8 प्रतिशत, तन्नु ने 98.6 प्रतिशत, उमंग यादव ने 98.6 प्रतिशत, विशाल ने 98.4 प्रतिशत, अंकिता ने 98.4 प्रतिशत, भाविका सिंह, मिनाक्षी भाटी, हिमाक्षी व वान्या यादव ने 98.4 प्रतिशत, निकिता यादव ने 98.2 प्रतिशत, वृति ने 98 प्रतिशत, नमन बंसल, गरिमा कालीरमन, रितिका रानी, वंशिका व चिराग यादव ने 97.8 प्रतिशत, धारवी यादव, अर्पित व सानवी शर्मा ने 97.6 प्रतिशत, वंशिका सोनी, बलकेश, समृधि सारा व साईस्मृति साहू ने 97.4 प्रतिशत प्राप्त किए। निहारिका यादव, ईशिका यादव, साहिल कुमार, वेदांशि बंसल, तनिश कुमार, भव्या सतिजा व निर्मल ने 97.2 प्रतिशत, औजस्वनी, निमिशा, महक व चिराग ने 97 प्रतिशत, वैभवी सुरैया, दिव्या व तिया ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

## बाहरी नहीं तो भर्ती रद्द करो की नीति खतरनाक: विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



एचपीएससी के सिलेक्शन के बजाय रिजेक्शन के फार्मूले को माननीय उच्च न्यायालय ने पूर्णतया नकार दिया है। एचपीएससी द्वारा अंग्रेजी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती को उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लेते हुए रद्द कर दिया। जिससे हरियाणा के स्कॉलर्स और युवाओं को न्याय मिला है। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम कादियान ने उच्च न्यायालय के फैसले पर खुशी जताते हुए कही। विक्रम कादियान ने कहा कि एचपीएससी ने भर्ती विज्ञापन की शर्तों का खुलेआम उल्लंघन किया है। यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार 35 प्रतिशत से अधिक बाहरी उम्मीदवारों का चयन नहीं किया जा सकता, लेकिन हरियाणा में भर्ती प्रक्रिया को बाहरी उम्मीदवारों के लिए चारागाह बना दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती में सामान्य वर्ग अधिकांश सीटों पर बाहरी उम्मीदवारों का चयन किया गया। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार में बाहरी उम्मीदवारों को थोक के भाव अंक दिए गए, जबकि हरियाणा के योग्य प्रत्याशियों को षड्यंत्र के तहत नीचे रखा गया। इस पूरे मामले पर हरियाणा सरकार को श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सभी विवादित भर्तियों की न्यायिक जांच करवाई जाए ताकि युवाओं को न्याय मिल सके।

## पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत



बहादुरगढ़। हुक्मचंद यादव का स्वागत करते प्रदीप राठी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष मास्टर हुक्मचंद यादव वीरवार को गांव सांखोल में प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक प्रदीप राठी के कार्यालय पर पहुंचे। उनके साथ झज्जर मार्केट कमेटी के चेयरमैन सतबीर यादव भी मौजूद रहे। यहां प्रदीप राठी के साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगडा, अजीत राठी, मुकेश कौशिक, ब्लॉक समिति उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप राठी, सुखबीर दहिया, नान्हा दहकोरा, विजय लुक्सर, जयभगवान भोली राठी, ठेकेदार संदीप राठी व सक्षम राठी आदि ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पंचायती राज से जुडे विकास कार्यों समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

## प्रशिक्षुओं व दृष्टि विशेषज्ञों को बताई कांटेक्ट लैंस की नवीनतम तकनीक



झज्जर। वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल गिरावड़ के नेत्र रोग विभाग द्वारा एक दिवसीय कांटेक्ट लैंस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। संस्थान के चेयरमैन डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में स्नातकोत्तर रेसिडेंट्स, दृष्टि विशेषज्ञों एवं विभागीय संकाय सदस्यों ने भाग लिया। नेत्र रोग विभाग अध्यक्ष डॉक्टर इंद्र मोहन रुस्तगी ने बताया कि वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य नेत्र रोग चिकित्सकों, दृष्टि विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षु डॉक्टरों को कांटेक्ट लैंस के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना रहा। इस वर्कशॉप में कॉन्टैक्ट लेंस तकनीक एवं जटिलताओं के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। अस्पताल निदेशक डॉक्टर सीएस ढुल्ल ने बताया कि इस प्रकार की हैंड्स-ऑन वर्कशॉप रेजिडेंट्स की नैदानिक दक्षता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वर्कशॉप में सम्मिलित रेजिडेंट्स ने इस अनुभव को अत्यंत लाभकारी बताया।

## चक्कर खाकर सड़क पर गिरते ही युवक ने तोड़ा दम

रेवाड़ी। नाईवाली चौक पर वीरवार दोपहर एक युवक अचानक चक्कर आने के बाद सड़क पर गिर गया। लोगों ने उसे उठाकर उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। राजस्थान के झुनझुनु जिले के गांव रायपुर पचेहरी निवासी रमेश किसी काम से रेवाड़ी आया था। वह वाहन से नाईवाली चौक पर उतरकर चलने लगा, तो उसे अचानक चक्कर आ गए।

**सूचना**

मैं, प्रमिला पत्नी श्री सतपाल निवासी गोएला कलां (58), जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र सचिन धनखड़ मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में सचिन धनखड़ के साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सचिन धनखड़ अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा, मेरे पति व परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि गांव धनिरवास खंड साल्हावास जिला झज्जर (हरियाणा) की शामलात भूमि को वर्ष 2026-27 के लिए पट्टे पर उठवाने के लिए बोली 18/05/2026 को सुबह 10-00 बजे बाबा भगत राम मंदिर के प्रांगण में कराई जाएगी। बोली की नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

सरपंच राकेश जाखड़
ग्राम पंचायत धनिरवास (झज्जर)
मो० नंबर 9813687200

## प्रतियोगिता | संस्कारम विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

# डिस्कस थ्रो में लड़कों के वर्ग में अंशुल और लड़कियों में आद्या ने प्राप्त किया पहला स्थान

- विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। लॉन्ग जंप में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए छात्रा। फोटो : हरिभूमि

संस्कारम विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़-कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता के तहत डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, लंबी कूद, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, रिले रेस एवं रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। डिस्कस थ्रो लड़कों के वर्ग में अंशुल ने प्रथम, फरीद ने द्वितीय तथा हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लड़कियों के वर्ग में आद्या प्रथम, आकांक्षा द्वितीय एवं कामना तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर लड़कों के वर्ग में यहाया प्रथम, रेयान ने द्वितीय तथा मोहम्मद सालिस तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों के वर्ग में सिमरत ने प्रथम, शॉट पुट प्रतियोगिता में लड़कों के वर्ग में फरीद प्रथम, इनोसेंट द्वितीय तथा जयन्त तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों के वर्ग में आद्या ने प्रथम, कामना ने द्वितीय तथा दीया व कदीजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में रेयान ,अबुबकर, मोहम्मद सालिस एवं युवराज सग्गू ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 400 मीटर दौड़ में मोहम्मद सालिस प्रथम, इनोसेंट द्वितीय एवं मोहम्मद अलामिन तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों के वर्ग में कामना ने प्रथम, श्रुति ने द्वितीय एवं हन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर लड़कियों के वर्ग में भुवना प्रथम एवं सिमरत व नाबिया तृतीय स्थान पर रहीं। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने अपने संदेश में कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता को ही नहीं बढ़ाते, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## शराब के नशे में सीढ़ियों से गिरकर युवक की मौत

रेवाड़ी। सुठानी में किराए के मकान में रह रहे एक युवक की सीढ़ियों से गिरकर मौत हो गई। कसोला पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मूल रूप से यूपी के खेरी निवासी 46 वर्षीय पंकज श्रमिक का कार्य करता था। वह सुठानी में किराए के मकान में रहा था। पुलिस के अनुसार बुधवार की रात वह शराब के नशे में सीढ़ियों से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद कसोला पुलिस ने अस्पताल जाकर शव कब्जे में ले लिया। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

**सूचना**

मैं, ओमवती पत्नी श्री प्रताप सिंह निवासी मकान नंबर-21, वार्ड नंबर-21, प्रीतम कॉलोनी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राजेश और पुत्रवधु प्रीति मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। राजेश व उसकी पत्नी प्रीति अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

हम, नरेंद्र पुत्र जगदीश व रितु पत्नी श्री नरेंद्र निवासी गांव निलोठी, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124404 बयान करते हैं कि हमारी पुत्री गरिमा हमारे कहने सुनने से बाहर है और 03.5.2026 को घर छोड़कर चली गई है। हम उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। गरिमा अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगी। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, दीपक पुत्र छतर सिंह निवासी गांव सुलौधा तहसील व जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अरमान जिसकी जन्मतिथि 01/09/2019 है। मैं अपने बेटे का नाम अज्ञानतावश आधार कार्ड में लिखवा नहीं पाया जहां पर अभी 'Baby One Of Rinku' लिखा है। अब मैं अपने बेटे का नाम अरमान आधार कार्ड नंबर 4517-0471-8548 में अपडेट करवाना चाहता हूं और मैं कभी भविष्य में इसे नहीं बदलूंगा।

## खबर संक्षेप



झज्जर। बेहतरीन परीक्षा परिणाम की खुशी में विजय चिन्ह बनाती छात्राएं।

### द हाइट्स की तान्या ने 97% अंक लेकर चमकाया नाम

**झज्जर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में द हाइट्स संस्थान के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। संस्था की छात्रा तान्या ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसके अलावा छात्र भावेश ने 93 प्रतिशत और मुस्कान ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। संस्था निदेशक नवींद्र कुमार, विकास और जितेंद्र ने बताया कि संस्थान के 10 अन्य विद्यार्थियों ने भी मेरिट सूची में स्थान बनाया। सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। ऐतिहासिक सफलता पर संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन कर होनहार विद्यार्थियों व शिक्षकों को मिठाई खिलाते हुए अपनी खुशी सांझा की।

### राजकीय विद्यालय भूरावास के 25 विद्यार्थी मेरिट में छाए

**झज्जर।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल भूरावास का बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा देने वाले 45 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थी मेरिट में रहे हैं। छात्रा साधना ने 94 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। प्रिया ने 87 अंकों के साथ द्वितीय व हर्ष ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉक्टर सम्मत सिंह ने बताया कि इस उपलब्धि पर एसएमसी प्रधान रामअवतार ने अंशिका को सम्मानित करते हुए स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों को बधाई दी।

### अंशिका ने कला संकाय में पाया जिले में पहला स्थान

**झज्जर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोए की छात्रा अंशिका ने कला संकाय में 98.8 प्रतिशत अंक हासिल जिले के सरकारी स्कूलों में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र ने बताया कि अंशिका ने 500 में से 494 अंक प्राप्त कर स्कूल और जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी रतींद्र सिंह, बीईओ सुनीता व शेर सिंह आदि अधिकारियों ने भी अंशिका व उसके अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल स्टॉफ को बधाई दी।

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

# न्यूटन स्कूल की छात्रा कशिश ने 98.4% अंक लेकर किया टॉप

स्कूल स्तर पर कशिश ने प्रथम, ईशा और सान्या ने 488 अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय व साक्षी ने 486 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया




झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित उत्तीर्ण विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

न्यूटन स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कुल 80 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 17 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए। 46 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा शेष विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ परीक्षा पास की। छात्रा कशिश ने 500 में से 492 अंक 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ हरियाणा बोर्ड में आठवां स्थान प्राप्त किया। स्कूल स्तर पर कशिश ने प्रथम, ईशा और सान्या ने 488 अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय व साक्षी ने 486 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय निदेशक बालेश कादियान, मनोज भारद्वाज, अश्वनी खासा, प्रबंधक रोहताश सिंह, मुख्याध्यापिका उर्मिल बेनीवाल ने इस उपलब्धि पर शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। प्रिंसिपल व शिक्षकों के साथ मेधावी छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

## बेहतर अंक लाने वाली छात्राओं को मेडल पहनाकर किया सम्मान

**बहादुरगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की 134 छात्राओं ने परीक्षा दी थी और 43 छात्राओं ने फर्स्ट डिवीजन प्राप्त करते हुए 80 फीसद से अधिक अंक हासिल किए। फरहाना ने 90.6, खुशबू ने 89.6, मुस्कान ने 85.6, यशिका ने 84.6, पारुल ने 82.6 तथा रोहिणी ने 81 प्रतिशत हासिल किए हैं।

प्रिंसिपल प्रवीण ने सभी छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता के लिए अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के परिश्रम को सराहा गया।

## संस्कारम ग्रुप के 18 विद्यार्थियों ने 95%, 45 ने 90% व 162 ने 80% से अधिक अंक किए प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम ग्रुप के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। संस्कारम ग्रुप के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है।

ग्रुप के कुल 18 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 45 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक और 162 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। संस्कारम ग्रुप के प्रदर्शन में आर्ट्स संकाय में गरिमा ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में प्रियांशी ने 96.8 प्रतिशत और वाणिज्य संकाय में कविश राठी ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसी कड़ी में नॉन-मेडिकल संकाय में विवेक ने 95 प्रतिशत अंक लेकर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की।

स्टार परफॉर्मर्स की सूची में गरिमा 97.2 प्रतिशत, प्रियांशी 96.8 प्रतिशत, अंशिका 96.2 प्रतिशत, सायना 96 प्रतिशत, दिव्या 95.4 प्रतिशत, नविता 95 प्रतिशत, विवेक 95 प्रतिशत, विधि 94.4 प्रतिशत और कविश राठी 94.4 प्रतिशत शामिल हैं। प्राचार्या डॉक्टर प्रीति गोयल ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संस्कारम का संकल्प विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ साहस प्रदान करना है। उन्होंने इन मेधावियों को भविष्य के ग्लोबल लीडर्स बताते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार विद्यार्थी स्कूल स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो: हरिभूमि




बहादुरगढ़। शैलजा जून, प्रिंसिपल व स्टाफ के साथ जीडी गोयनका के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# जीडी गोयनका स्कूल के आधे बच्चों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी में स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के कुल 61 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। स्कूल के 3 बच्चों ने अलग-अलग विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करते हुए कीर्तिमान स्थापित किया। जबकि 50 प्रतिशत परिक्षार्थियों ने विभिन्न विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। दसवीं के बाद 12वी में भी विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से उत्साहित स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने कहा कि स्टूडेंट्स की यह शानदार सफलता सबके लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि अच्छे अंकों के साथ संस्कार, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की भावना भी आवश्यक है। प्रिंसिपल ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी समेत तीनों संकायों में विद्यार्थियों का परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। स्कूल के सकारात्मक वातावरण, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के प्रोत्साहन को सराहा।




बहादुरगढ़। प्रिंसिपल के साथ माउंट व्यू स्कूल के टॉपर विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## माउंट व्यू स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**बहादुरगढ़।** शहर के माउंट व्यू हाई स्कूल का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष बेहद उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। छात्र भाविश्य शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान हासिल किया। अकुल रस्तोगी ने 93 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा मुस्कान ने 91 प्रतिशत अंक लेकर कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी विभिन्न विषयों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य सुरेंद्र छिल्लर ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और नियमित अध्ययन ही सफलता की कुंजी है।

## एमडी स्कूल के भावेश व महक ने 494 अंकों के साथ जिले में हासिल किया तृतीय स्थान



भावेश यादव व महक

**झज्जर।** महर्षि दयानंद स्कूल खुड्डन का दसवीं कक्षा परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की छात्रा महक व छात्र भावेश यादव ने 494 अंक प्राप्त कर जिले में तृतीय तथा प्रदेश में छठा स्थान हासिल किया। इसके अलावा छात्रा ईशा ने 489, अरुण ने 486, मानशी ने 485 तथा अंजलि व इशिका ने 484-484 अंकों के साथ परीक्षा पास की। परीक्षा में शामिल सभी 48 विद्यार्थी सफल रहे, जिनमें 45 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट में स्थान बनाया। 22 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। प्राचार्य रामनिवास गहलावत व अकादमिक इंचार्ज डॉक्टर राजबीर सहवाग ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य रमेश डेरोलिया, सुरेंद्र कोडान, सुदेश पूनिया, अलका रानी ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

# त्रिवेणी के 64 विद्यार्थियों ने हासिल की मेरिट



बहादुरगढ़। शानदार परिणाम पर खुशी का इजहार करते एसडीएस स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

बहादुरगढ़। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल के 64 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। जबकि विषयानुसार कुल 416 मेरिट प्राप्त हुई। शानदार परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित उत्तीर्ण विद्यार्थी।

## सनराइज स्कूल के 18 विद्यार्थी मेरिट में

**झज्जर।** सनराइज हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का परिणामों में 18 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की जबकि अन्य विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। छात्रा प्रिया ने 97 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक रवि यादव ने व मुख्याध्यापिका रूबी यादव ने इसका श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों, अभिभावकों व विद्यार्थियों की मेहनत को दिया। उन्होंने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार छात्रा को मिठाई खिलाते हुए प्राचार्य मदन शर्मा।

## आदर्श स्कूल में दीप्ति रही प्रथम

**झज्जर।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जहांगीरपुर में 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रा भावना ने 490 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य मदन शर्मा ने बताया कि छात्रा दीप्ति ने 94.4 प्रतिशत, संजना ने 93.2 प्रतिशत, गरिमा ने 92.2 प्रतिशत, महक ने 91 प्रतिशत, हिमांशी, रिया व छवि ने 91-91 प्रतिशत, कीर्ति ने 90.2 प्रतिशत, निधि ने 89.2 प्रतिशत, निष्ठा ने 89 प्रतिशत, गौरव व लोकराम ने 87 प्रतिशत, कीर्ति ने 86 प्रतिशत व निशांत ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा पास की। प्राचार्य ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। बाल विकास स्कूल के टॉपर विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### बाल विकास में कीर्ति ने किया टॉप

**बहादुरगढ़।** सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कीर्ति ने 470 अंक, परमजीत ने 444, अनुष्का, अक्षिता तथा पीयूष कुमार ने 443 और नितिन भारद्वाज ने 439 अंक प्राप्त किए। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ. सीमा छिल्लर तथा प्रधानाचार्या डॉ. पूनम चौधरी ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ के साथ प्रिंसिपल राजदीप। फोटो: हरिभूमि

### डीएवी स्कूल में विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

**बहादुरगढ़।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के वार्षिक परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल के 22 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 104 छात्रों ने 75 फीसद से अधिक और 183 छात्रों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। प्राचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने सभी अध्यापकों, छात्रों तथा अभिभावकों को बधाई दी।



बहादुरगढ़। विद्यार्थियों व अभिभावकों के साथ प्रिंसिपल व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**बहादुरगढ़।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में सैनिक पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने प्रतिभावान विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को फूल माला पहनाकर तथा शॉल देकर सम्मानित किया। ऊषा भारद्वाज ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया।



बहादुरगढ़। शानदार परिणाम पर खुशी का इजहार करते एसडीएस स्कूल के विद्यार्थी।

### एमडीएस के 39 विद्यार्थी मेरिट में हुए पास

**बहादुरगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जसोरखेड़ी के एमडीएस शिक्षा सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के 55 बच्चों में से 39 बच्चों ने मेरिट हासिल की। स्कूल की छात्रा वर्षा ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, समीक्षा ने 96.8 फीसद अंकों के साथ दूसरा व निक्की ने 95.02 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। नितिन ने 94.8, विनीत ने 92.6, भूपेंद्र ने 92.4, पिंकी ने 90.6, किरण ने 89.4, पलक ने 89, प्रियांशी ने 88.5, नैंसी ने 88, निशांत शर्मा ने 87.4, रवि ने 87.6, युवराज ने 87.5, मानसी ने 86.4, सिया ने 86.2, साक्षी ने 85.6, सोनी ने 84.6, अमीन और प्रतिमा ने 84, खुशी ने 83, मयंक ने 82.5, समीक्षा ने 82.4, पंकज ने 81.6, आकाशी ने 80.6 च मुकुल सैनी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल संचालिका कविता देशवाल व प्रिंसिपल राजबाला देशवाल ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व सभी परिश्रमी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।



बहादुरगढ़। शानदार परिणाम प्राप्त करने वाले मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थी।

### मॉडर्न स्कूल का परिणाम रहा शानदार

**बहादुरगढ़।** शहर के मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया। आर्ट्स संकाय में तासु ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में रिया ने 94.6 फीसद अंक और सोनाक्षी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कॉमर्स संकाय में महक ने 87.4 प्रतिशत और श्रुति ने 87 फीसद अंक हासिल किए। स्कूल निदेशक राकेश कोच, प्राचार्या मोना सिक्का समेत समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राकेश कोच ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हुआ है।



बहादुरगढ़। टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित करती प्रिंसिपल डॉ. सुमन हुड्डा।

### पीडीएम में टॉपर स्टूडेंट्स का हुआ सम्मान

**बहादुरगढ़।** शहर के पीडीएम पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को वीरवार को स्कूल में सम्मानित किया गया। पीडीएम स्कूल के 24 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन ने शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों व अध्यापकों के योगदान की भी सराहना की। छात्रा हर्षिता ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया। यास्वी ने 93.8 प्रतिशत के साथ दूसरा, जाह्नवी ने 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा, उदित ने 91.4 फीसद के साथ चौथा व निक्की वर्मा ने 90.4 प्रतिशत अंकों के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। प्रिंसिपल डॉ. सुमन हुड्डा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में लहराया परचम

**बहादुरगढ़।** स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता प्राप्त की है। आर्ट्स में प्रार्थना ने 98 प्रतिशत, अद्वितिया ने 97.8 व हर्षिका ने 97.6 फीसद अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में ट्विंकल ने 96.6, ईशान ने 96.2, महानिया व हर्षिता ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। कॉमर्स संकाय में नितीश ने 92.4, आदित्य पंजेता ने 92 तथा भविष्य शेखर ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।